कभी जोकों से पैर बचाते, आगे बढ़ रहे थे। ऊपर कहीं-कहीं गाँव भी मिलते थे । यह सभी गाँव 'यल्मो' लोगों के थे । सारा गाँव सफेद ध्वजाओं का जंगल था । गाँव के पास रास्ते में 'मानी' का होना अनिवार्य था ।"

**2.** निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : **1×10=10**

(क) बालमुकुंद गुप्त की काव्यगत विशेषताएँ बताइए।

(ख) 'सदाचार का ताबीज' व्यंग्य रचना का सार लिखिए ।

**3.** निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में दीजिए : **4×4=16**

(क) गिल्लू लेखिका के जीव-परिवार में किस प्रकार शामिल हुआ ?

(ख) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी हिन्दी के उच्चकोटि के ललित निबन्धकार हैं । स्पष्ट कीजिए ।



**No. of Printed Pages : 07** **Roll No. ......................**

# 32502

## B.A. & Hons. (Subsidiary) EXAMINATION, 2025

(Sixth Semester)

(Regular and Re-appear)

HINDI (Compulsory)

*Time : 3 Hours*] [*Maximum Marks :* 80

Before answering the question-paper, candidates must ensure that they have been supplied with correct and complete question-paper. No complaint, in this regard will be entertained after the examination.

**नोट** : निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2×7=14**

(क) "आशा से बँधा हुआ संसार चलता है । रोगी को रोग से, कैदी को कैद से, ऋणी को ऋण

से, कंगाल को दरिद्रता के इसी प्रकार हरेक क्लेशित पुरुष को एक दिन अपने क्लेश से मुक्त होने की आशा होती है । चाहे उसे उस जीवन में कलेश से मुक्ति न मिले, पर आशा के सहारे इतना होता है कि वह धीरे-धीरे अपने क्लेशों को झेलता हुआ एक दिन इस क्लेशमय जीवन से तो मुक्त हो जाता है पर हाय ! जब उसकी यह आशा भी भंग हो जाए, उस समय उसके कष्ट का क्या ठिकाना।''

(ख) तुक वह है जो देवदारु की गगनचुंबी शिखा और समाधिस्थ महादेव की निवात-निष्कंप प्रदीप की ऊर्ध्वगामिनी ज्योति में है । अर्थात तुक अर्थ में रहता है । ध्वनि-साम्य के तुक में कुछ न कुछ अर्थचारुता होनी चाहिए । ध्वनिसाम्य साधन है, तुक अर्थ का धर्म होना चाहिए । मगर कहना खतरे से खाली नहीं है। किसी नये आलोचक ने अर्थ को लय की वकालत की है । मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि सारी पण्डित मण्डली उस गरीब पर बरस पड़ी है।



(ग) "राम तो वन से लौट आए, सीता को लक्ष्मण फिर निर्वासित कर आए, पर लोकमानस में राम की वनयात्रा अभी नहीं रुकी । मुकुट, दुपट्टे और सिंदूर के भीगने की आशंका अभी भी साल रही है । कितनी अयोध्याएँ बस, उजड़ों पर निर्वासित राम की असली राजधानी, जंगल का रास्ता अपने काँटों-कुशों, कंकड़-पत्थरों की वैसी ही ताजा चुभन लिए हुए बरकरार है, क्योंकि जिसका आसरा साधारण गँवार आदमी भी लगा सकता है, वे राम तो सदा निर्वासित ही रहेंगे और उनके राजपाट को सँभालने वाले भरत अयोध्या के समीप रहते हुए भी उनसे भी अधिक निर्वासित रहेंगे ।''

(घ) ''विशालकाय वृक्षों के बीच से रास्ता बड़ा सुहावना मालूम होता है । जंगली पक्षियों के मधुर शब्द कर्णगोचर हो रहे थे । मेरा साथी भोटिया भाषा अच्छी जानता था, उसकी दूसरी बोली मैं नहीं जानता था। दोनों बीच-बीच में भोटिया में बात करते, कभी स्ट्राबरी चुनते,

(ग) लेखक के अनुसार उत्साह क्या है ?

(घ) 'आशा का अन्त' निबन्ध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) मुकुट भीगने का प्रतीकार्थ क्या है ?

(च) साधु ने भ्रष्टाचार और सदाचार के विषय में क्या बताया ?

**4.** निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : **1×10=10**

(क) हरियाणवी में रचित उपन्यास साहित्य का परिचय दीजिए ।

(ख) हरियाणवी भाषा के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में दीजिए : **2×5=10**

(क) 'झाड़ फिरी' उपन्यास का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ख) हरियाणवी कहानी के विकास में कंवल हरियाणवी के योगदान पर प्रकाश डालिए ।

(ग) "हरियाणवी लोक संस्कृति की सच्ची झलक हरियाणवी लोक साहित्य में देखी जा सकती है।" सिद्ध कीजिए ।

(घ) सांग सम्राट लखमीचन्द का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

**6.** निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2×5=10**

(क) सम्पादक के गुण एवं दायित्वों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) भारत में प्रेस की वर्तमान स्थिति की विवेचना कीजिए ।

(ग) पत्रकारिता के विभिन्न प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

(घ) शीर्षक समाचार का दर्पण है । इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×10=10**

(क) द्विवेदी जी के दो निबन्ध संग्रहों के नाम लिखिए ।

(ख) हरियाणवी भाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है ?



(ग) लेखक के अनुसार भारतीय व्यवहार से कैसे हैं ?

(घ) 'परसाई रचनावली' कितने भागों में प्रकाशित है ?

(ङ) राहुल सांकृत्यायन को कौनसी उपाधि प्राप्त है ?

(च) संत नितानंद की वाणी का संकलन किस नाम से है ?

(छ) फीचर किसे कहते हैं ?

(ज) गिल्लू को किसने घायल कर दिया था ?

(झ) हरियाणा की प्रथम कहानी किसे माना जाता है ?

(ञ) दीपचन्द द्वारा रचित पहला सांग कौनसा है ?

❖❖❖❖❖❖❖❖